

## एक नजर में

### एक बगिया मां के नाम' योजना अंतर्गत हितग्राहियों को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर।** जनपद पंचायत मंदसौर के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'एक बगिया माँ के नाम' के तहत हितग्राही बहनों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह, उद्यानिकी विभाग एवं जी.राम.जी. योजना के अंतर्गत बहनों को फल एवं सब्जी उत्पादन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों द्वारा लगभग 3 लाख रुपये तक की सहायता योजना की जानकारी साझा की गई। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की सीमान्त कृषक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। बहनों को आधुनिक खेती एवं बागवानी तकनीकों से अवगत कराया गया। जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ने बहनों को योजना का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### शामगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो फरार आरोपी गिरफ्तार




**मंदसौर।** थाना शामगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इनमें एक 5 हजार रुपए का इनामी बदमाश भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी कपिल सोराष्ट्रिय के नेतृत्व में टीम ने कांबिंग गश्त के दौरान यशवंत सिंह उर्फ जसवंत निवासी खाईखेड़ा को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना शामगढ़ के तीन मामलों सहित राजस्थान के चार एनडीपीएस प्रकरणों में फरार था। उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इसके अलावा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक अन्य मामले में फरार आरोपी लक्ष्मण सिंह निवासी गरड़ा को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एवं अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कपिल सोराष्ट्रिय सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं जवानों की सराहनीय भूमिका रही।

### मधु बोहरा ने लिया देहदान का संकल्प

**मंदसौर।** समाज में सेवा एवं मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्रीमती मधु बोहरा ने देहदान करने की घोषणा की है। उनके इस सराहनीय निर्णय से समाज में जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ है। श्रीमती बोहरा को देहदान के इस पुनीत कार्य के लिए नरेंद्र मारू एवं शशि मारू द्वारा प्रेरित किया गया। उनके मार्गदर्शन से प्रेरित होकर श्रीमती बोहरा ने यह महत्वपूर्ण संकल्प लिया। रोटरी क्लब द्वारा डॉ. एस.एम. जैन के मार्गदर्शन में देहदान के प्रति लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप समाज के लोग इस दिशा में लगातार आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं सचिव कपिल भंडारी ने श्रीमती मधु बोहरा के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। रोटरी क्लब मंदसौर के पदाधिकारियों ने उनके इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। सहायक मंडल अध्यक्ष संजय गोठी ने कहा कि देहदान जैसे कार्य मानवता की सेवा का सर्वोच्च उदाहरण हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते रहेंगे।

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया

**मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिलेभर में उत्साह, हर्षोल्लास और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों एवं बूथों पर कार्यकर्ताओं ने विविध कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी की गौरवशाली परंपरा को स्मरण किया।**



जिला मुख्यालय स्थित रेवास देवड़ा रोड पर नवीन भाजपा कार्यालय के भूमि पूजन के साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कैलाश चावला, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाजपा ध्वज पूजन एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य वक्ता कैलाश चावला ने भाजपा की विचारधारा, इतिहास और संगठन की मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलन एवं रंगोली जैसे कार्यक्रमों की सराहना की, वहीं जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कार्यकर्ताओं को संगठन की असली ताकत बताते हुए निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प दिलाया।



कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से वर्चुअल प्रसारण भी देखा गया। अंत में अतिथियों द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। संचालन विनय दुबेला एवं आभार विजय सुराना ने व्यक्त किया।



## ग्राम पीपलखूंटा में खेल उत्सव मनाया

**मंदसौर। इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में उत्साहपूर्वक खेल उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।**

क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात दौड़, चम्मच रेस, रिले रेस, बैलेंस रेस सहित कई रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु श्रीमती कमला शर्मा द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को गोल्ड मेडल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को सिल्वर मेडल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रत्नेश पारख, ममता मालवीय, शीला चौधरी, पंकेशदास बैरागी, श्यामा मालवीय, कैलाश बाई चावड़ा ,शुभम पारख ने इनर व्हील क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।




## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी एक बगिया मां का नाम

**मंदसौर/नाहरगढ़।** महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ओर राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा एक बगिया मां के नाम योजना अंतर्गत फलदार पौधे लगाने की योजना प्रारंभ की है। समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उक्त विचार जनपद पंचायत मंदसौर के अध्यक्ष बसंत शर्मा ने रखें। जनपद पंचायत मंदसौर के अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियो को केंद्र सरकार द्वारा वी बी जी राम जी योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत सीमांत कृषक बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार फलदार पौधे लगाने के लिए 3 लाख तक बहनों को अनुदान दे रही है। बैठक में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी पाराशर, विकसित भारत जी राम जी योजना के एपीओ उपाध्याय, स्वयं सहायता समूह के ब्लॉक समन्वयक कटलाना ने भी संबोधित किया।

**एक नजर** — यह नियुक्ति एक अप्रैल 2026 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए की गई

## संतोष परसाई 'राजस्थानी फिल्म एसोसिएशन' के मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**मंदसौर।** राजस्थानी सिनेमा और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली प्रतिष्ठित संस्था 'राजस्थानी फिल्म एसोसिएशन (मुंबई)' ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संतोष परसाई को मध्य प्रदेश का 'प्रदेश उपाध्यक्ष' नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 01 अप्रैल 2026 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए की गई है।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महासचिव द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, परसाई की कला के प्रति सक्रियता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**कलाकारों को मिलेगा सशक्त मंच**-अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संतोष परसाई ने कहा, 'यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। मैं संस्था के समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझ पर यह अटूट विश्वास जताया है। मेरा मुख्य लक्ष्य मध्य प्रदेश में राजस्थानी सिनेमा और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना और यहाँ के कलाकारों को एक बेहतर मंच प्रदान करना है।'



### संयुक्त प्रयासों से होगा विकास

परसाई ने आगे बताया कि वे मध्य प्रदेश के अध्यक्ष 'आदित्य गौड़ सर' के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि एसोसिएशन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारते हुए अधिक से अधिक कलाकारों को इस मुहिम से जोड़ा जाए ताकि राजस्थानी कला और संस्कृति को एक नई पहचान मिल सके। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्र के कला प्रेमियों, शुभचिंतकों और सांस्कृतिक संगठनों ने उन्हें सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से बधाई संदेश भेजे हैं। जानकारों का मानना है कि आदित्य जी गौड़ एवं संतोष परसाई के अनुभव का लाभ प्रदेश के नवोदित कलाकारों को मिलेगा। उल्लेखनीय की संतोष परसाई राजस्थानी भाषा के सीरियल एवं फिल्मों में अपने अभिनय से जाने पहचाने जाते हैं, इन्होंने राजस्थानी भाषा के मशहूर धारावाहिक खेतेश्वर महिमा एवं कुमकुम रा पगलिया में अपने अभिनय की क्षमता को दिखाया है वही राजस्थानी फिल्म थारी मारी लव स्टोरी मैं भी शानदार अभिनय किया, वही मशहूर राष्ट्रीय चैनलों पर भी कार्य कर अपने अभिनय का लोहा बनवाया है, तो हिंदी सीरियल, हिंदी फिल्में, मराठी फिल्म एवं वेब सीरीज आदि में भी अभिनय कर सबका ध्यान आकर्षित किया है।

# नीमच

## एक नजर में

### होमगार्ड जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




**नीमच।** महानिदेशक होमगार्ड म.प्र.के निर्देशानुसार सोमवार को जिला चिकित्सालय नीमच में होमगार्ड जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय नीमच के चिकित्सकों की टीम ने जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच, परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन दिया गया। यह जानकारी होमगार्ड कमाण्डेंट नीमच द्वारा दी गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान तहत ग्राम पंचायत सरोदा में तैयार किया



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा डिफंक्ट बोर से रिचार्ज पिट का निर्माण कर, एक मॉडल बनाया गया है। उक्त रिचार्ज पिट कार्य को सुंदर सुलभ रूप से ग्राम पंचायतें अपना सके, इसके लिए विस्तृत रिपोर्ट क्रमवार तैयार की गई है, जिले में अनुपयोगी हो चुके बोरवेल पर उक्त पिट के निर्माण से वर्षा जल पुर्नभरण का कार्य भूजल स्तर को बढ़ाने के उपयोग में सहायक रहेगा। यह मॉडल वेस्ट टू वेल्थ के रूप में आदर्श रहेगा। यह जानकारी लोक स्वा.यां.विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री दीपेश वास्पत ने दी है।

### नीमच में 10 से 12 अप्रैल तक जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन

**नीमच।** म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रारंभ होने से समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में पठन-पाठन प्रारंभ किया गया है। निजी विद्यालयों हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम-2018 एवं नियम-2020 प्रभावशील है। निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, युनिफार्म, टाई, जुते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए औपचारिक अथवा अनोपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जायेगा। अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए 10 से 12 अप्रैल 2026 तक (3 दिवसीय) जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन, शा.बा.उ.मा.वि.क्रमांक-2 नीमच में प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अशासकीय स्कूल के विद्यार्थियों की कक्षा नर्सरी से 8वी तक की निजी प्रकाशकों की किताबों पर 15 प्रतिशत (न्यूनतम) एवं कापियों पर 40 प्रतिशत (न्यूनतम) की छूट तथा स्कूल यूनीफार्म एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री विशेष छुट पर उपल्ब्ध होगी। जिला शिक्षा अधिकारी नीमच ने जनसामान्य से अपील की है, कि अधिक से अधिक विद्यार्थी एवं अभिभावक निर्धारित 3 दिवसीय पुस्तक मेले में उपस्थित होकर विशेष छूट का लाभ लेवे।

## लापरवाही की भेंट चढ़ा ई-दक्ष कार्यालय

### खंडहर में हुआ तब्दील

**नीमच। शहर के हायर सेंकंडरी क्रमांक 2में जहां ई दक्ष कार्यालय बनाया गया है इस भवन का रख रखाव ठीक तरह से नहीं होने के कारण यह भवन खंडहर में तब्दील होने लगा है। 2 दशक पहले तक यह ईमारत मिसाल हुआ करती थीं। वो अब खंडहर होने की फेहरिस्त में शामिल हैं। अनदेखी और उपेक्षा के चलते खंडहर में तब्दील होने लगा है। तीन दशक पहले तक इस भवन में हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षाएं लगती थी और काफी रौनक छाई रहती थी लेकिन आज वह वीरान और उपेक्षा की मार झेल रहा है। अनदेखी के चलते यह भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।**

गौरतलब है कि हायर सेकंडरी क्रमांक 2 स्कूल परिसर में वर्तमान में पीएमश्री स्कूल एवं मॉडल स्कूल संचालित हो रहे है शासन द्वारा यहां नए भवनों का निर्माण भी कराया गया है कि स्कूल के पुराने कई हिस्सों जीर्णोद्वार कराया गया है, लेकिन वर्तमान में जहां ई-दक्ष कार्यालय बना हुए है यह भवन जर्जर अवस्था के दौर से गुजर रहा है। रात के समय खंडहर भवन के बाहर मजदूरों का यह आश्रय स्थल बन जाता है। जर्जर भवन के कारण इन मजदूरों की जान पर भी खतरा मंडराता रहता है।

**झाडियों में पल रहे जहरीले जीव**- ईदक्ष कार्यालय के आसापास घनी झाडियों के बीच जहरीले जीवों ने आशियाना बना रखा है आए दिन खुले जहरीले जीव खुले में विचरण करते देखे जा सकते है। इन सबके बावजूद जिम्मेदारों ने परिसर की सफाई व्यवस्था को ठीक नहीं किया है। इसी के समीप पीएमश्री स्कूल संचालित हो रहा है। ऐसे में शिक्षण सत्र में आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से काफी खतरनाक है।

### ई-दक्ष कार्यालय के सामने मैदान में चारों और फैली गंदगी

हायर सेकंडरी स्कूल मैदानों में चारों तरफ फैली गंदगी एक गंभीर समस्या है, खिलाडियों और और आसपास के निवासियों को काफी परेशानी हो रही है। मैदानों को अक्सर कचरा पाइंट के रूप में उपयोग किया जा रहा है, और सफाई न होने से गंदगी का ढेर बना रहता है।कंटेनर का अभाव: कचरा पात्र नहीं होने से मैदान के मुख्य द्वार और मैदान चारों और ही कचरा फेंका जा रहा है।कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन द्वारा सफाई नहीं कराई जाती है। स्कूल प्रांगण में हर समय बदबू बनी रहती है, जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। गंदे माहौल का सीधा असर छात्रों की पढ़ाई और स्वास्थ्य पर पड़ता है। जागरुक लोगों का कहना है इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन और स्कूल प्रबंधन द्वारा ठोस कदम उठाने की जरूरत है। स्वच्छ सर्वेक्षण मिशन के अंतर्गत स्कूलों को भी साफ़ रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जर्जर भवन के आसपास फैली गंदगी लगे है कचरे के ढेर

जर्जर भवन के आसपास गंदगी और कचरे के ढेर लगे है। रात के वक्त भवन परिसर के बाहर मजदूर भोजन बनाने के लिए प्लास्टिक कचरा और अन्य वेस्ट जलाकर यहां के वातावरण को प्रदूषित कर रहे है और गंदगी फैला रहे है। गौरतलब है इस मैदान में 60 से अधिक मजदूरों का रात को डेरा जम जाता है यहां सुविधाघर नहीं होने के कारण यह मजदूर परिवार के लोग खुले में शोच करते है ओर मैदान में गंदगी फैलाते है। मैदान के आसपास रहने वाले लोगों जब मैदान में टहलने जाते है तो उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।


## किसान से नशे की हालत का फायदा उठाकर धोखे से लिखवा ली लाखों की जमीन

### 70 हजार देकर हड़पी 30 लाख की भूमि, अब पीड़ित ने एसपी ने लगाई न्याय की गुहार

**नीमच। जिले के धनेरिया कलां गांव में एक किसान की जमीन कथित रूप से धोखाधड़ी और जालसाजी के जरिए हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, धनेरिया कलां निवासी नवल सिंह ने आरोप लगाया है कि उनकी कृषि भूमि (खसरा नंबर 708, रकबा 0.175 हेक्टेयर) को धोखे से आरोपी के नाम करा लिया गया। पीड़ित के मुताबिक, 30 मार्च 2026 को गांव के ही लक्ष्मी नारायण अहीर ने उनसे संपर्क कर पुराना कर्ज लौटाने का आश्वासन दिया।

आरोप है कि इसी बहाने आरोपी उन्हें बैंक ले गया, जहां आधार ओटीपी के माध्यम से दस्तावेजी प्रक्रिया करवाई गई। इसके बाद उन्हें कलेक्ट्रेट ले जाकर कुछ कागजों पर अंगूठा लगवा लिया गया।



नवल सिंह का कहना है कि उन्हें मात्र 70 हजार रुपये नकद दिए गए, जबकि दस्तावेजों में 30 लाख 60 हजार रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उनकी अशिक्षा एवं नशे की स्थिति का फायदा उठाकर यह पूरी साजिश रची गई और उनकी जमीन की रजिस्ट्री आरोपी के नाम करवा ली गई।

पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब देखना होगा कि जांच के बाद पीड़ित को कब तक न्याय मिल पाता है।

**एक नजर** — भुगतान गाढ़ता पर और पट्टा मार्फीन पर क्यों अफीम तौल की नई एसटीडी /डब्ल्यूएम नीति पर सवाल

## अफीम किसानों के हक में जिला कांग्रेस पहुंची नारकोटिक्स दफ्तर

**नीमच।** जिले में अफीम तौल प्रक्रिया के दौरान लागू की गई नईएसटीडी /डब्ल्यूएम प्रणाली को लेकर किसानों में गहराता असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। इसी के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती के नेतृत्व में अफीम किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को नारकोटिक्स उपायुक्त संजय गांधी से मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित समाधान की मांग की।



अफ़ीम फसल की खेती में आ रही समस्याओं की पैरवी करते हुए जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने मजबूती से किसानों के हित की बात रखी और वर्तमान में किसानों को आ रही परेशानी पर त्वरित समाधान की माँग करी । प्रतिनिधि मंडल ने कहा की पूर्व सूचना के अचानक लागू की गईएसटीडी /डब्ल्यूएम तौल प्रणाली से किसानों में भारी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। किसानों को यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि उनकी अफीम किस गुणवत्ता श्रेणी में दर्ज की जा रही है, तौल के दौरान किस आधार पर कटौती की जा रही है और उन्हें वास्तविक लाभ या नुकसान कितना हो रहा है। स्थिति यह है कि तौल केंद्रों पर मौजूद अधिकारी भी किसानों को संतोषजनक जानकारी देने में सक्षम नहीं हैं, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने तौल प्रक्रिया में अपनाई जा रही 'हाथ से जांच' प्रणाली पर भी कड़ा एतराज जताया। उनका कहना था कि जब विभाग स्वयं यह दावा करता है कि अफीम की गुणवत्ता का अंतिम निर्धारण लैब की मशीनों द्वारा किया जाएगा, तो तौल केंद्रों पर अधिकारियों द्वारा हाथ से जांच कर उसेएसटीडी या डब्ल्यूएम घोषित करना पूरी तरह अनुचित और अवैज्ञानिक है।

प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि या तो तौल के समय ही मशीन से गुणवत्ता जांच सुनिश्चित की जाए या फिर हाथ से जांच की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। ज्ञापन में अफीम नीति में मौजूद दोहरे मापदंडों को भी किसानों के साथ अन्यायपूर्ण बताया गया। कांग्रेस प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान में किसानों को उनकी उपज का भुगतान 'गाढ़ता' (कंसिस्टेंसी) के आधार पर किया जा रहा है, जबकि उनके पट्टे की पात्रता 'मार्फीन' की मात्रा पर निर्भर करती है। इस विसंगति के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जब सरकार गुणवत्ता का प्रमुख आधार 'मार्फीन' को मानती है, तो बेहतर मार्फीन वाली अफीम पर किसानों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि या बोनस दिया जाना चाहिए और दोनों मापदंडों में समानता लाई जानी चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के किसानों के साथ इस प्रतिनिधि मंडल ने किसानों के हित में कई अन्य महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं।